प्रेस नोट-जनपद सीतापुर

थाना सकरन पुलिस द्वारा खोये हुए बच्चे को बरामद कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया

दिनांक 13.11.2026

पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपदीय पुलिस को भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग एवम् खोये हुए/गुम हुए बच्चों का पता लगाकर उन्हें सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त निर्देशों के क्रम में क्षेत्राधिकारी बिसवां के निकट पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष सकरन के नेतृत्व में आज दिनांक 13.11.2026 को थाना सकरन पुलिस टीम द्वारा एक 05 वर्षीय बालक सत्यम पुत्र सुशील निवासी ग्राम तारपारा, थाना सकरन, जनपद सीतापुर के गुम होने की सूचना बालक के पिता सुशील द्वारा थाना स्थानीय पर दिए जाने पर तत्काल पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए गुमशुदा बालक की सकुशल बरामदगी कर उसे उसके पिता सुशील के सुपुर्द किया गया। बच्चे के परिजनों द्वारा सकरन पुलिस के इस त्वरित व सराहनीय कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

नाम व पता गुमशुदा बालक-

1. सत्यम पुत्र सुशील (उम्र करीब 05 वर्ष) निवासी ग्राम तारपारा, थाना सकरन,जनपद सीतापुर।

बरामद करने वाली पुलिस टीम

1. उ0नि0 मो० तसव्वर
2. का0 राजकुमार
3. का0 गुलशन कुमार

